# हरियाणा सरकार ने ग्रामीण संवर्धन और महाग्राम योजना के तहत 13 नई परियोजनाओं को मंज़ूरी दी

## चर्चा में क्यों?

17 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम और महाग्राम योजना के तहत जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली 13 नई परियोजनाओं को प्रशासनिक मंज़ूरी प्रदान की।

## प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि हरियाणा सरकार ने राज्य की ग्रामीण आबादी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए 284 करोड़ रुपए से अधिक की 13 नई परियोजनाओं को लागू करने का निर्णय लिया है।
- ये परियोजनाएँ ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम और महाग्राम योजना के तहत नाबार्ड की ऋण सहायता से जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 4 ज़िलों, अर्थात् हिसार, जींद, सोनीपत और रेवाड़ी में क्रियान्वित की जाएंगी।
- राज्य सरकार ने ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत ज़िला रेवाड़ी के गाँव प्राणपुरा और मामरिया आसमपुर के लिये नहर आधारित जल आपूर्ति परियोजना को मंज़ूरी दी है। इसके अलावा ग्राम ममरिया ठठेर में जल आपूर्ति योजना के लिये अतिरिक्त भंडारण एवं अवसादन टैंक भी सुनिश्चित किया जाएगा।
- इनके अलावा, ज़िला रेवाड़ी के मौजूदा जल कार्यों में नहर आधारित जल आपूर्ति योजना खोरी समूह के 2 गाँवों मखारिया और चमिनावास में अवसादन टैंक, ज़िला भिवानी के भारवास में 8 गाँवों के जाटूवास समूह की मौजूदा जल आपूर्ति योजना के लिये अतिरिक्त भंडारण और अवसादन टैंक, रेवाड़ी ज़िले के ग्रामीण क्षेत्रों के नहर आधारित जल कार्यों में कच्चे पानी के लिये नवीनीकरण और अतिरिक्त भंडारण, ज़िला रेवाड़ी के खेड़ी मोतला में 4 गाँवों के बोलनी समूह की मौजूदा जल आपूर्ति योजना के लिये अतिरिक्त भंडारण और अवसादन टैंक का निर्माण किया जाएगा।
- **महाग्राम योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएँ-**
  - **ज़िला हिसार-** गाँव गंगवा में पेयजल योजना (लागत 36.52 करोड़ रुपए) और सीवरेज प्रणाली उपलब्ध कराना (लागत 36.21 करोड़ रुपए), गाँव सदलपुर में सीवरेज प्रणाली उपलब्ध कराना (लागत 25.72 करोड़ रुपए) तथा जलापूर्ति योजना का विस्तार (लागत 22.72 करोड़ रुपए)।
  - **ज़िला जींद-** गाँव छात्तर में सीवरेज प्रणाली उपलब्ध कराना (लागत 30.95 करोड़ रुपए) और पेयजल आपूर्ति का विस्तार (लागत 18.36 करोड़ रुपए)।
  - **ज़िला सोनीपत-** गाँव खेवड़ा में सीवरेज प्रणाली उपलब्ध कराना (लागत 19.86 करोड़ रुपए) और पेयजल आपूर्ति का विस्तार (लागत 6.61 करोड़ रुपए)।
- इस संबंध में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इन नहर आधारित जल कार्यों के नवीनीकरण के बाद नए कार्यों के निर्माण से 15 वर्ष की संभावित 1.63 लाख आबादी को सीधा लाभ होगा।
- प्रवक्ता ने आगे बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) की आपूर्ति सुनिश्चित करने वाला हरियाणा पहले ही प्रथम राज्य बन चुका है। केंद्र सरकार ने इस मिशन के तहत 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल से स्वच्छ पेयजल देने का लक्ष्य रखा था, जबकि राज्य सरकार ने यह लक्ष्य काफी पहले ही हासिल कर लिया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-government-approves-13-new-projects-uunder-rural-promotion-and-mahagram-scheme